जिले में अवैध शराब के काले कारोबार ने पकड़ा जोर

एमपी मार्का शराब, फिर भी सप्लायरों पर कार्रवाई शून्य, गांव-गांव फैल चुका शराब नेटवर्क, युवा पीढ़ी हो रही बर्बाद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 मई। जिले में अवैध शराब कारोबार अब खुलेआम संगठित नेटवर्क के रूप में संचालित हो रहा है। कथित शराब कारोबारियों को खासतौर पर आबकारी अमले की ओर से छूट दे दी गई है। पुलिस कार्रवाई करती है, लेकिन आबकारी महकमा कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति करती आ रही है।

गौरतलब है कि पिछले पखवाड़े बरगवां 152 एवं गोरबी 105 तथा बीते दिन शुक्रवार की शाम कोतवाली पुलिस 138 लीटर देशी एवं विदेशी शराब जप्त किए जाने के बाद जिले में शराब तस्करी को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब जप्त की गई सभी शराब म.प्र. मार्का की है, तो आखिर यह अवैध कारोबारियों तक पहुंच कौन करा रहा है।

पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद अब तक किसी बड़े सप्लायर के खिलाफ मामला दर्ज न होना पूरे सिस्टम पर संदेह पैदा कर रहा है। सूत्रों की मानें तो जिले में पिछले पॉच-छः वर्षों से अवैध शराब कारोबार तेजी से फैला है। गांव-गांव तक शराब पहुंचाई जा रही है। कई जगहों पर अवैध पैकारी और अहाते संचालित हो रहे हैं, जहां देर रात तक शराबखोरी का दौर चलता है। आरोप है कि छोटे कारोबारियों और वाहन चालकों पर कार्रवाई कर पुलिस और आबकारी विभाग अपनी उपलब्धियां गिना देते हैं, लेकिन असली सप्लायरों तक जानबूझकर नहीं पहुंचा जाता। यही वजह है कि हर बड़ी कार्रवाई के बाद भी शराब सप्लाई करने वाले चेहरे सामने नहीं आते। चर्चा यह भी है कि अवैध शराब कारोबार कुछ विभागीय लोगों के लिए कमाई का जरिया बन चुका है।

सूत्र बताते हैं कि कई बार कार्रवाई केवल औपचारिकता साबित होती है, जबकि अंदरखाने उगाही का खेल चलता रहता है। जिन कारोबारियों से तालमेल नहीं बैठता, उन्हीं पर कार्रवाई कर विभाग अपनी सक्रियता दिखाता है।

यदि सप्लायर शराब उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, तो सवाल उठता है कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में एमपी मार्का शराब अवैध रूप से बाजार तक कैसे पहुंच रही है। क्या आबकारी गोदामों से ही शराब बाहर भेजी जा रही है। यह सवाल अब आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन चुका है।

मिलावटी का खेल एवं एमआरपी से ज्यादा वसूली

सूत्र बताते हैं कि कच्ची शराब में मिलावटी का खेल कई जगह चल रहा है। वहीं एमआरपी से ज्यादा रेट वसूलने के कई जगह आरोप भी लगाए जा रहे हैं और इसकी शिकायते भी की जा रही है। साथ ही कथित शराब दुकानों का वीडियों भी वायरल हो रहा है। इसके बावजूद आबकारी महकमा कुम्भ निंद्रा में है। आरोप लग रहा है कि आबकारी अधिकारी से लेकर निरीक्षक तक कई ठेकेदारों को संरक्षण दिया हुआ है, जिसके चलते कथित शराब ठेकेदारों का हौसला बुलन्द है। अब तो यहां तक चर्चाएं होने लगी हैं कि इस तरह की शराबखोरी और अवैध विक्री, अहाता व पैकारी पहले नही चल रहे थे। कथित शराब कारोबारियों को छूट मिली है, इसीलिए जगह-जगह पैकारी चल रही है। धड़ल्ले के साथ शराब बेची भी जा रही है। विभाग की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है।

अवैध अहाते और पैकारी से बिगड़ रहा सामाजिक माहौल

अवैध शराब कारोबार का सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है। गांवों में आसानी से शराब मिलने से युवाओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। शराब के कारण सड़क हादसे, घरेलू विवाद, मारपीट और हत्या जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। जिले में पूर्व में हुई कई जघन्य वारदातों में शराब विवाद मुख्य वजह बन चुका है। इसके बावजूद आबकारी विभाग की चुप्पी और निष्क्रियता लोगों की नाराजगी बढ़ा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में अवैध शराब कारोबार खत्म करना चाहता है, तो छोटे कारोबारियों के बजाय उन बड़े सप्लायरों और संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई करनी होगी, जिनके दम पर जिले में शराब का यह काला कारोबार लगातार फल-फूल रहा है।

कथित अपहरण कांड का खुलासा नाबालिग सकुशल बरामद

कोतवाली बैढ़न के बलियरी क्षेत्र का मामला

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 मई। कोतवाली क्षेत्र में दर्ज नाबालिग लड़की के कथित किडनैपिंग मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लापता लड़की को बरामद कर लिया है।

परिजनों ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी अचानक घर से गायब हो गई है। उन्होंने एक युवक पर आशंका जताते हुए किडनैपिंग का मामला दर्ज कराया था। एसपी सियाज केएम ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 26 मई को दर्ज इस प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग को दस्तयाब कर लिया है। फिलहाल उसे वन स्टाफ सेंटर में सुरक्षित रखा गया है, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। एसपी के अनुसार पुलिस के जांच में यह भी सामने आया है कि लड़की और आरोपी युवक अलग-अलग समाज से हैं और दोनों के बीच पहले से परिचय था। वर्ष 2023 में भी लड़की इसी युवक के साथ घर से भाग चुकी थी, जिस पर आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। यह प्रकरण अभी न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस अब पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

एक नजर में

बजरंग टोली ने प्रसाद वितरण का किया आयोजन

सिंगरौली। शहर में स्थित बड़े हनुमान मंदिर परिसर में भगवान हनुमान के दरबार में प्रत्येक मंगलवार को युवाओं के समूह जिसका नाम बजरंग टोली दिया गया है के द्वारा प्रत्येक मंगलवार को आपसी सहयोग से पूजन अर्चन पश्चात प्रसाद वितरण का सिलसिला शुरू किया गया है जो निरंतर जारी है। पुरुषोत्तम मास ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि के पावन अवसर पर बजरंग टोली द्वारा खीर का प्रसाद वितरण किया गया और सबके लिए सुख शांति की कामना बजरंग बली से की गई। इस अवसर पर प्रमुख आयोजकों में आशीष शुक्ला, धर्मेंद्र गुप्ता, विपिन द्विवेदी, अजय सोनी, अनिल सोनी, अमित तिवारी, कुलदीप सिंह, शत्रुध्न पाण्डेय, सौरभ द्विवेदी, विशाल उपाध्याय, सतेंद्र सिंह, सुभाष सोनी, राकेश अंगारा ने आपसी सहयोग से आयोजन को सफल बनाने में सहभागिता की।

मौसम में उतार-चढ़ाव भीषण गर्मी से मिली है राहत

सिंगरौली। पिछले दो दिनों से मौसम में भारी उतार-चढ़ाव दिखाई दिया है। चितरंगी क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह हुई मूसलाधार बारिश के बाद गर्मी से राहत मिली है। वहीं उमस बढ़ गई है। आलम यह है कि आज शनिवार की सुबह 10 बजे दिन तक आसमान में बादल मड़रा रहे थे, लेकिन उसके बाद धूप खिल गई। आज शनिवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री एवं न्यूनतम 27 डिग्री रहा है। आगे आने वाले दिनों में भी सोमवार, मंगलवार को तापमान लुढ़का ही रहेगा। वहीं आज सिंगरौली-बैढ़न का एक्यूआई 112 दर्ज हुआ है।

तालाब के इर्दगिर्द अतिक्रमण को तत्काल हटाएं : गौरव

कलेक्ट्रेट में मछुआ कल्याण समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 मई। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मछुआ कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करने के पश्चात निर्देश दिए कि म.प्र. एकीकृत मत्स्योत्पादन नीति के अंतर्गत केज कल्चर निर्माण के साथ-साथ मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना एवं मत्स्य संपदा योजना धरती आबा के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। वहीं मछुआ समितियों को बैंक केसीसी कार्ड उपलब्ध कराने के लिए मत्स्य एवं वित्त विभाग आपसी समन्वय बनाकर समितियों को आवश्यक क्रेडिट उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने मछली पालन के लिए चिह्नित किए गए जलाशयों एवं तालाबों की जानकारी लेने के पश्चात निर्देशित किया कि मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए तालाबों की मरम्मत एवं गहरीकरण कराया जाए। तालाबों के आसपास किए गए अतिक्रमणों को राजस्व विभाग के सहयोग से हटाने की कार्रवाई करें। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मछली पालन के साथ-साथ अन्य सहायक कृषि गतिविधियों जैसे बतख पालन आदि से संबंधित समितियों के पास यदि कोई प्रोजेक्ट है तो अवगत कराएं, प्रशासन द्वारा आपका पूरा सहयोग किया जाएगा। बैठक में सहायक कलेक्टर सौम्या मिश्रा, उप संचालक मनोज अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

30 जून को रिटार्यड होने वाला था लिपिक, लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार का खोला भेद

विधायक की सिफारिश पर रहा पदस्थ, भाजपा नेता ने पहले ही उठाए थे सवाल, विभाग में मुन्ना का है दबदबा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 मई। सहायक आयुक्त कार्यालय बैढ़न-सिंगरौली में पदस्थ जनजाति कार्य विभाग में पदस्थ लिपिक मुन्ना लाल वर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले लिपिक को लोकायुक्त पुलिस ने 5000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई के बाद विभागीय कार्यप्रणाली और सिफारिशों को लेकर कई तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

बताया जा रहा है कि लिपिक वर्ग 2 मुन्ना लाल वर्मा पिता अनसुइया प्रसाद वर्मा उम्र 61 वर्ष को पूर्व में हटाने की तैयारी की गई थी, लेकिन देवसर विधायक की सिफारिश के बाद उन्हें यथावत रखा गया। विधायक द्वारा यह हवाला दिया गया था कि लिपिक 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इसलिए स्थानांतरण उचित नहीं होगा।

इधर पिछले वर्ष भाजपा नेता राजकुमार दुबे ने भी मुन्ना लाल वर्मा के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर विभागीय मंत्री को पत्र लिखा था। पत्र में आरोप लगाया गया था कि विभाग में कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर स्थानांतरण किया जाए।

इसके बावजूद विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई और बाद में लोकायुक्त पुलिस की कार्रवाई ने पूरे मामले को उजागर कर दिया। अब सवाल उठ रहे हैं कि यदि समय रहते शिकायतों पर गंभीरता दिखाई जाती तो विभाग की छवि धूमिल होने से बच सकती थी।

लिपिक से लेकर अधिकारी भी सवालों के घेरे में

यहां बताते चले कि उक्त विभाग में पदस्थ भृत्य श्रवण तिवारी पिता महेश प्रसाद तिवारी उम्र 46 वर्ष निवासी नौढ़िया देवसर में लोकायुक्त के यहां शिकायत किया था कि वेतन वृद्धि लगाने एवं एरिया की राशि निकलवाने की एवज में 7 हजार रूपये की मांग बतौर रिश्वत के रूप में की जा रही है। लोकायुक्त पुलिस ने 5 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया था। फिलहाल जनजातीय कार्य विभाग सिंगरौली में लोकायुक्त पुलिस की कार्रवाई से कई तरह के सवाल खड़े किये गये हैं।

चबूतरा निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप, जांच की मांग तेज

नवभारत न्यूज

सरई 30 मई। जनपद पंचायत देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजारी में निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं।

ग्रामीणों ने पंचायत भवन के पास हाल ही में निर्मित सार्वजनिक चबूतरे की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन के समीप निर्मित चबूतरा निर्माण कार्य पूरा होते ही जर्जर होने लगा है। चबूतरे की वर्तमान स्थिति देखकर निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का अंदेशा साफ दिखाई देता है। आरोप है कि निर्माण एजेंसी ने निम्न गुणवत्ता की ईंट, सीमेंट और अन्य सामग्री का उपयोग किया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और इंजीनियरों की मिलीभगत से कार्य का शत-प्रतिशत मूल्यांकन कर स्वीकृत राशि का पूरा भुगतान करा दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन के पास तथा गोवानी चउरा के समीप लगभग 1 लाख 35 हजार रुपये की लागत से दो चबूतरे बनाए गए हैं। दोनों निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई है। यहां तक कि निर्माण के बाद आवश्यक तराई भी नहीं कराई गई। मामले में पंचायत सचिव की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन सप्ताह में केवल एक दिन खुलता है और सचिव अधिकांश समय मुख्यालय से बाहर रहते हैं, जिससे लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना पड़ता है।

सुरेश मिश्रा मप्र. कांग्रेस कमेटी उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव मनोनित

नवभारत न्यूज

देवसर 30 मई। म.प्र. कांग्रेस कमेटी उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल ने सुरेश मिश्रा राल्ही देवसर को म.प्र. कांग्रेस कमेटी उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव मनोनित किया है।

उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने जीतेन्द्र जीतू पटवारी प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार एवं प्रभारी प्रकोष्ठ महेन्द्र सिंह चौहान के सहमति पर सुरेश मिश्रा को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। सुरेश मिश्रा को प्रदेश सचिव नियुक्त किये जाने पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, रमाशंकर शुक्ला, अशोक सिंह पैगाम समेत स्थानीय कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई दी देते हुये कहा है कि सुरेश राल्ही पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हमेशा अग्रसर रहेंगे।

किशोरियों को सही जानकारी देना बेहद आवश्यक है : बिन्दु

सासन पावर लिमिटेड का ग्राम सिद्धीखुर्द में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 मई। सासन पावर लिमिटेड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्टेशन डायरेक्टर के दिशा-निर्देशन में सीएसआर विभाग ने महिला स्वास्थ्य और मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक भवन सिद्धीखुर्द में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 50 किशोरी बालिकाओं, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, जीवजीविषा आजीवका स्व-सहायता समूह की सदस्यों एवं ग्रामीण महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ बिन्दु एवं सुपरवाईजर प्रवीण गुप्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर सीडीपीओ बिन्दु ने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, इसे लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाना एवं किशोरियों को सही जानकारी देना बेहद आवश्यक है। स्वच्छता अपनाकर कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान किशोरी बालिकाओं के साथ मिथक तोड़ों खेल का आयोजन किया गया, जिसमें मासिक धर्म से जुड़े मिथकों एवं भ्रांतियों को रोचक तरीके से दूर किया गया। वहीं आंगवनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ अवेयरनस पिरामिड गतिविधि कराई गई, जिसके माध्यम से स्व्च्छता एवं जागरूकता के संदेश को समुदाय तक पहुँचाने पर चर्चा की गई।

जेम बालिकाओं के लिए पेरेंटिंग कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 30 मई। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान की बालिकाओं के अभिभावकों के लिए एक विशेष पेरेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में लगभग 150 अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य भावनात्मक जुड़ाव, आत्मविश्वास निर्माण तथा बच्चों के समग्र विकास के लिए सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अरुणिमा पात्रा, संस्थापक एवं निदेशक, तन्वी कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड रहीं।

उन्होंने संवादात्मक एवं प्रेरक सत्र के माध्यम से अभिभावकों को बालिकाओं की प्रतिभा, आकांक्षाओं एवं क्षमताओं को पहचानने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने अभिभावकों को अपनी बेटियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन देने के लिए प्रेरित किया।

सफाई कर्मियों को वितरित किए गए मास्क

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 मई। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत समृद्धि सोशल एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मास्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों को मास्क वितरित किए गए तथा उन्हें स्वच्छता के साथ-साथ व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर ननि उपायुक्त आरपी वैश्य, सिटाडल मैनेजर रावेंद्र सिंह, आईसी हेड आशीष शुक्ला, सीएनडी इंचार्ज रोहित तोरसिया तथा सीएनटी इंचार्ज शिवम सिंह सहित समिति के अनेक गणमान्य सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सफाई कर्मी शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका अथक परिश्रम और समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि मास्क वितरण जैसे प्रयास सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य संरक्षण और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

खनिज माफियाओं पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, चार वाहन जब्त

बिना पास रेत-बोल्डर ढो रहे वाहनों पर चला शिकंजा, कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 30 मई। जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने आज शनिवार की सुबह विभिन्न क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई कर रेत और बोल्डर का अवैध परिवहन करते चार वाहनों को जप्त किया। कार्रवाई के बाद खनिज माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में सहायक खनि अधिकारी रामसुशील चौरसिया ने जांच के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 66 ए 4891 को बिना वैध अभिवहन पास के रेत परिवहन करते पकड़ा। वाहन को जप्त कर पुलिस थाना माड़ा की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया। इसी क्रम में ग्राम जैतपुर क्षेत्र से एक बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से बोल्डर परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 66 ए 1557 भी बिना वैध दस्तावेजों के रेत परिवहन करते पाई गई। दोनों वाहनों को जप्त कर पुलिस चौकी जयंत में सुरक्षित रखा गया है। कार्रवाई के दौरान एक बिना नंबर का डंपर भी अवैध रूप से रेत परिवहन करते पकड़ा गया, जिसे थाना नवानगर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी जप्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इधर खनिज विभाग की तीनों के दौरान यह दूसरी कार्रवाई है। खनिज अधिकारी ने साफ तौर पर कहा है कि अवैध खनिजो के विरूद्ध सतत कार्रवाई जारी रहेगी।